Bharat Temples

लेलो लेलो हरी का नाम

लेलो लेलो हरी का नाम मिठाई पचरंगी
लेलो लेलो बिके बिन दाम मिठाई पचरंगी

लड्डू में गड़राज घेवर गिरजा माई
मेवा में महादेव विराजे2 सीरा गंगा माई

धुल जाते है पाप सभी मिठाई पचरंगी
लेलो लेलो हरी का नाम मिठाई पचरंगी

हलुए में हनुमान विराजे पेड़ा लक्ष्मण भाई
बर्फी मे है सीता मइया पेठा भरत भाई

रसगुल्ले मे है श्री राम मिठाई पचरंगी
लेलो लेलो हरी का नाम मिठाई पचरंगी

श्रीकृष्ण जी बड़े सुहाने जैसे आधा चंदा
दुध मलाई गोठन बइठे रबड़ी बन गई राधा

बालु शाही मे है बलराम मिठाई पचरंगी
लेलो लेलो हरी का नाम मिठाई पचरंगी

बुनिया मे है दुर्गा मइया सदा करे रखवाली
भुजीया मे है भैरव बाबा चाल चले मतवाली

बन जाते है बिगड़े काम मिठाई पचरंगी
लेलो लेलो हरी का नाम मिठाई पचरंगी

Source: https://www.bharattemples.com/lelo-lelo-hari-ka-naam/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw